an>

Title: Need to provide funds for extension of Ajmer-Pushkar train upto Merta in Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) ः मैं अपने लोकसभा क्षेत्र राजसमन्द की महत्ती आवश्यकता की ओर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। पूर्व में अजमेर-पुष्कर रेल लाइन डालकर पुष्कर तीर्थराज को रेलवे से जोड़कर तीर्थ यात्रियों को बहुत बड़ी राहत प्रदान की है, किन्तु इस रेल लाइन पर राजस्व की अपेक्षित आय प्राप्त नहीं हो रही है क्योंकि यह लाइन पुष्कर से आगे अन्य शहरों से जुड़ी हुई नहीं है, जिससे मात्र पुष्कर आने वाले तीर्थ यात्री ही लाभ उठा पा रहे हैं।

पूर्ववर्ती सरकार ने पूर्व में अजमेर-पुष्कर रेल लाइन को मेड़ता तक विस्तारित करने का निर्णय लेकर उपरोक्त राजस्व हानि को समाप्त करने का निर्णय लिया।

वर्तमान सरकार की कार्यशैली का यह सकारात्मक विषय है कि जितनी भी रेल योजनाओं की घोषणाएं होती हैं, उन सब का बजट प्रावधान किया जाता है। पूर्व की सरकार ने अजमेर-पुष्कर रेल लाइन को मेड़ता तक विस्तार देने का निर्णय व घोषणा तो कर दी लेकिन बजट प्रावधान नहीं किया। जबकि इस विस्तार से रेल राजस्व में बढ़ोतरी होकर अजमेर-पुष्कर लाईन की उपयोगिता बढ़ जाएगी एवं पश्चिमी राजस्थान के निवासियों को उत्तरी, पूर्वी एवं मध्य भारत से जोड़ने का लघुत्तर मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि इस पूर्ववर्ती घोषणा के लिए बजट उपलब्ध करा कर राजस्थान के निवासियों को राहत प्रदान करें।